समाचार विज्ञप्ति

एस्ट्राज़ेनेका के टीके के लिए पात्रता 40 वर्ष तक कम कर दी गई है

19 अप्रैल 2021

20 अप्रैल से 40 वर्ष या इससे अधिक आयुवर्ग के एल्बर्टावासी एस्ट्राज़ेनेका का टीका प्राप्त करने में सक्षम होंगे।

प्रतिभागी फार्मेसियाँ और एल्बर्टा स्वास्थ्य सेवाएँ (Alberta Health Services) 1981 या इससे पहले जन्में एल्बर्टावासियों के लिए एस्ट्राज़ेनेका के टीके के लिए एपॉइंटमेंट बुक करना शुरू कर देंगी। एडमोंटन और कैलगरी में स्थित वॉक-इन क्लीनिकों के साथ-साथ पूरे प्रांत-भर में विशिष्ट फार्मेसियों में वॉक-इन टीकाकरण उपलब्ध होगा।

पात्रता की आयु को कम करने का अर्थ है कि 575,425 से भी और अधिक संख्या में एल्बर्टावासियों का टीकाकरण किया जा सकता है, जिससे कुल पात्र संख्या 2.3 मिलियन तक पहुँच जाएगी।

एस्ट्राज़ेनेका के टीके के लिए पात्रता की आयु को 55 से 40 वर्ष तक कम करने का एल्बर्टा का निर्णय जनस्वास्थ्य संस्तुतियों के आधार पर लिया गया है, जिनके निर्धारण में इस टीके के लाभों की तुलना टीके से होने वाली प्रतिकूल घटनाओं के कम खतरे के साथ की गई है। यह प्रदर्शित हुआ है कि एस्ट्राज़ेनेका संक्रमण को अधिकतम 60-70 प्रतिशत तक कम कर सकता है और अस्पताल में भर्ती किए जाने जैसे गंभीर परिणामों को अधिकतम 80 प्रतिशत तक कम कर सकता है।

17 अप्रैल तक एस्ट्राजेनेका की 100,000 से भी अधिक खुराकें दी गई हैं और इसकी 170,000 से भी अधिक खुराकें उपलब्ध हैं।

एल्बर्टा सरकार COVID-19 महामारी की प्रतिक्रिया में वक्र को मोड़ने, छोटे व्यवसायों को कार्यरत बनाए रखने और एल्बर्टा की स्वास्थ्य-देखभाल प्रणाली की सुरक्षा के लिए सटीक उपायों के माध्यम से जीवन और लोगों की आजीविकाओं की रक्षा कर रही है।

संबंधित जानकारी

- टीकाकरण की जानकारी
- एएचएस (AHS) ऑनलाइन बुकिंग टूल

मीडिया पूछताछ

टॉम मैकमिलन
780-422-4905
संचार, एल्बर्टा स्वास्थ्य (Communications, Alberta Health)

और अधिक सरकारी अनुवादित संसाधनों के लिए कृपया यहाँ जाएँ: https://www.alberta.ca/covid-19-translated-resources.aspx